बिहार सरकार
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग)
D-ब्लॉक, 5वाँ तल, सरदार पटेल भवन, पटना–800023

## रिक्ति विज्ञापन सूचना

विज्ञापन संख्या–01/2026

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (BSDMA) द्वारा संविदा के आधार पर योग्य, अनुभवी एवं इच्छुक भारतीय नागरिकों से विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। प्रत्येक पद की नियुक्ति तीन वर्ष एवं प्रत्येक नियुक्ति को उनके कार्य निष्पादन के आधार पर अधिकतम दो वर्ष की अवधि तक कार्य विस्तार किया जा सकेगा। पदों से संबंधित रिक्तियों की विवरणी व अन्य शर्तें निम्नरूपेण है:

| क्र0 | पद का नाम | रिक्ति | वर्ग | वांछित योग्यता | एकमुश्त मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ | 01 | अनारक्षित | संबंधित विषय में परास्नातक, कार्य अनुभव–08 वर्ष | ₹1,50,000/- प्रति माह |
| 02. | वरीय संपादक | 01 | अनारक्षित | | |
| 03. | कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और एमआईएस विशेषज्ञ | 01 | अनारक्षित | संबंधित विषय में परास्नातक, कार्य अनुभव–05 वर्ष | ₹1,25,000/- प्रति माह |
| 04. | कार्यालयी भाषा विशेषज्ञ–सह–पुस्तकालय अध्यक्ष | 01 | अनारक्षित | संबंधित विषय में परास्नातक, कार्य अनुभव–05 वर्ष | ₹80,000/- प्रति माह |
| 05. | जन–सूचना पदाधिकारी | 01 | अनारक्षित | | |
| 06. | आई0ई0सी0 एवं प्रकाशन विशेषज्ञ | 01 | अनारक्षित | संबंधित विषय में स्नातक/परास्नातक, कार्य अनुभव–05 वर्ष | |
| 07. | डेटा विश्लेषक | 02 | अनारक्षित–01<br>अ0पि0व0–01 | | |
| 08. | इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विशेषज्ञ | 01 | अनारक्षित | | |

नोटः–**A.** वांछित योग्यता से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राधिकरण के बेबसाइट www.bsdma.org पर देखा जा सकता है।

**B.** अभ्यर्थी के उम्र सीमा की गणना दिनांक–01.07.2026 के आधार पर की जाएगी।

**C.** उपरोक्त पदों के मासिक मानदेय में प्रतिवर्ष वृद्धि वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर यथाः सर्वोत्कृष्ट–5%, उत्कृष्ट–4%, बहुत उत्तम–3%, उत्तम–2% एवं सामान्य–1% की दर से की जाएगी।

आवेदन प्रक्रियाः–

1. इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर उससे संबंधित सभी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सचिव, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (**BSDMA**), डी–ब्लॉक, 5वीं मंजिल, सरदार पटेल भवन, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–**800023** प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र हाथों हाथ किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।
2. आवेदन दिनांकः 25.08.2026 के शाम 05:00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. प्रत्येक पद के लिए अलग आवेदन एवं लिफाफे पर विज्ञापन संख्या व आवेदित पद का नाम अंकित करना अनिवार्य है।
4. आवेदन पत्र **www.bsdma.org** वेबसाइट के **Career** अनुभाग से डाउनलोड किया जा सकता है।

सचिव
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(BSDMA), पटना

# नियुक्ति से संबंधित अन्य शर्तेः–

चयन प्रक्रियाः

उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा के पश्चात् साक्षात्कार हेतु योग्य अभ्यर्थियों को प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट अथवा पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

साक्षात्कार का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा, जिनके लिए अलग–अलग अंक निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक चरण में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अंक वितरण का विवरण निम्न प्रकार है:–

| क्रम | विषय | अंक निर्धारण | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| 01 | कंप्युटर दक्षता एवं टाईपिंग स्किल | दिए गए प्रश्न का हिन्दी एवं अंग्रेजी में कंप्युटर टाईपिंग करते हुए दिये गये उत्तर के लिये। | 40 अंक |
| 02 | शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव | शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव, एवं अन्य निर्धारित मानदंडों आदि के आधार पर। | 20 अंक |
| 03 | साक्षात्कार | साक्षात्कार में व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर। | 40 अंक |

सामान्य शर्तेः

01. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
02. आवेदन केवल निर्धारित प्रारूप में कंप्यूटर टंकित रूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। अपूर्ण, अस्पष्ट या नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
03. साक्षात्कार के समय सभी मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
04. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं।
05. प्राधिकरण द्वारा माध्यमिक ($10^{th}$) या समतुल्य प्रमाण पत्र में अंकित उम्मीदवार की जन्मतिथि मान्य की जाएगी।
06. गलत जानकारी देने पर आवेदन/अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी साथ ही उनके विरुद्ध विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
07. सरकारी/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत अभ्यर्थी उचित माध्यम से नियोक्ता के अनापत्ति पत्र के साथ आवेदन करेंगे।
08. कंप्यूटर एवं MS Office (Word, Excel, Power Point) एवं MS Project का ज्ञान होना अपेक्षित है।
09. उम्मीदवारों/सेवानिवृत्त उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा 60 वर्ष होगी। सेवानिवृत्त उम्मीदवारों के मानदेय का निर्धारण "वेतन–माइनस–पेंशन" के आधार पर किया जाएगा।
10. चयनित अभ्यर्थी को प्राधिकरण के साथ अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा।
11. चरित्र प्रमाण–पत्र आवश्यक है।
12. कार्य अनुभव की गणना वांछित शैक्षणिक अर्हता प्राप्ति के उपरांत से दिनांक 01.08.2026 तक की अवधि के आधार पर की जाएगी।

अन्य निर्देशः

01. सभी नियुक्तियाँ संविदा आधारित होंगी।
02. प्राधिकरण किसी भी समय भर्ती प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
03. केवल योग्य एवं निर्धारित पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों के आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।
04. किसी अभ्यर्थी के साक्षात्कार में सम्मिलित होने की पात्रता का निर्धारण प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा और यह अंतिम होगा। उन्हीं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए योग्य माना जाएगा, जिन्हें प्राधिकरण द्वारा प्रवेश पत्र (Admit Card) निर्गत किया जाएगा। साक्षात्कार मे सम्मिलित होने हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
05. किसी प्रकार की पैरवी करने या कराने अथवा गलत या अपूर्ण सूचना देने अथवा चयन की प्रक्रिया को किसी प्रकार का अनुचित साधन अपनाकर नियुक्ति प्रभावित करने का प्रयास करने पर अभ्यर्थियों का अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।

आरक्षणः–

01. आरक्षण का लाभ राज्य सरकार के प्रचलित आरक्षण नियमों के अनुसार और राज्य सरकार के सक्षम स्तर से निर्गत प्रमाण–पत्र के आधार पर ही देय होगा।

02. ऑनलाईन आवेदन पत्र में इंगित कॉलम में आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। उन्हे सामान्य श्रेणी का माना जाएगा।

03. जाति के आधार पर आरक्षण का लाभ उन्हीं उम्मीदवारों को मिलेगा, जिनका स्थायी निवास बिहार राज्य में है अर्थात जो बिहार के मूलवासी है। बिहार राज्य के बाहर के निवासी अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा। आवेदन में दिया गया स्थायी पता ही आरक्षण के प्रयोजन के लिए स्थायी निवास अनुमान्य होगा। उक्त आरक्षण के लिए उममीदवारों को स्थायी आवासीय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

04. पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग की दशा में, अपने स्थायी अधिवास अंचल के राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अंचल पदाधिकारी/राजस्व पदाधिकारी द्वारा निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र एवं अपने स्थायी अधिवास अचल के राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत स्थायी निवास प्रमाण पत्र मान्य होगा।

05. आरक्षण का दावा करने वाली विवाहित महिलाओं का जाति/क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र उनके पिता के नाम एवं पता से निर्गत होना चाहिए न कि उनके पति के नाम से। उपर्युक्त आरक्षण संबंधी सभी प्रमाण–पत्र आयोग कार्यालय में प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा के समय मूल रूप से प्रस्तुत नहीं करने पर आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा।

06. आरक्षित कोटि के उम्मीदवार अपनी जाति के अनुरूप पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के पश्चात ही आरक्षण कोटि का अंकन आवेदन के संबंधित कॉलम में करेंगे एवं आवेदन भरते समय उनके पास आरक्षण कोटि के अनुरूप सक्षम प्राधिकार से निर्गत प्रगाण–पत्र उपलब्ध होना अनिवार्य होगा। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।

पदवार वांछित योग्यताः–

| क्र0 | पद का नाम | अनिवार्य न्यूनत्तम योग्यता |
|---|---|---|
| 01. | सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ | कम्युनिकेशन, कंप्यूटर साइंस, आईटी या समकक्ष विषय में मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग (एम.ई.)/एम0टेक0(M. Tech.) की डिग्री।<br>कार्य अनुभवः–ई–गवर्नेस डोमेन में 08 साल के अनुभव के साथ इलेक्ट्रॉनिक डेटा प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, एथिकल हैकिंग और अन्य संबंधित क्षेत्रों में अनुभव। |
| 02. | वरीय संपादक | मास कम्युनिकेशन/पत्रकारिता/मास मीडिया में पीजी डिग्री/पीजी डिप्लोमा के साथ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में न्यूनतम 08 वर्ष का अनुभव और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को संभालने का अनुभव और विभिन्न परियोजनाओं की निगरानी के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट इलेक्ट्रॉनिक टूल्स के उपयोग का अनुभव। |
| 03. | कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और एमआईएस विशेषज्ञ | एमसीए/आई0टी0 अथवा समकक्ष विषय में मास्टर डिग्री।<br>इलेक्ट्रॉनिक डेटा प्रोसेसिंग, प्रबंधन सूचना प्रणाली, एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सॉफ्टवेयर/पोर्टल विकास एवं होस्टिंग में 5 वर्ष का अनुभव। |
| 04. | कार्यालयी भाषा विशेषज्ञ–सह–पुस्तकालय अध्यक्ष | हिंदी में एम.ए./लाइब्रेरी साइंस में मास्टर डिग्री के साथ अंग्रेजी–हिंदी–अंग्रेजी अनुवाद में कम से कम 5 साल का अनुभव। वांछनीयः लाइब्रेरी साइंस में बैचलर डिग्री अनिवार्य है। प्रकाशन, सामग्री संपादन, उपलब्धियों की प्रस्तुति, सर्वोत्तम प्रथाओं और रचनात्मक प्रस्तुतियाँ बनाने में विशेषज्ञता होनी चाहिए। ई–लाइब्रेरी में काम करने/स्थापित करने का अनुभव। संचार के विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक साधनों के साथ सरकारी प्रणाली में किए गए कार्य को अतिरिक्त प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 05. | जन–सूचना पदाधिकारी | जन संपर्क/जनसंचार/अनुषंगी विषय में मास्टर डिग्री के साथ जन–संपर्क कार्यों से संबंधित कम से कम 5 वर्ष का अनुभव और विभिन्न परियोजनाओं की निगरानी के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट इलेक्ट्रॉनिक टूल्स के उपयोग का अनुभव। |

| | | |
|---|---|---|
| 06. | आई0ई0सी0 एवं प्रकाशन विशेषज्ञ | जन संचार में स्नातक/परास्नातक।<br>कार्य अनुभवः—आपदा प्रबंधन में आईईसी/प्रकाशन गतिविधियों में काम करने का 05 साल का अनुभव। उत्कृष्ट संचार कौशल (स्थानीय भाषा में भी) और पारस्परिक कौशल। एमएस—ऑफिस, इंटरनेट, ईमेल आदि सहित कंप्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान साथ ही विभिन्न परियोजनाओं की निगरानी के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट इलेक्ट्रॉनिक टूल्स के उपयोग का अनुभव। |
| 07. | डेटा विश्लेषक | कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग/आईटी में बी.टेक. या समकक्ष।<br>कार्य अनुभवः—डेटा विश्लेषण, पूर्व के डाटा के आधार पर पूर्वानुमान का विश्लेषण के लिए इलेक्ट्रॉनिक डेटा प्रोसेसिंग, डीबीएमएस (एसक्यूएल सर्वर, ओरेकल आदि), रिपोर्ट और प्रस्तुति तैयार करने/लेखन आदि संबंधित कार्यों में 05 साल का अनुभव। |
| 08. | इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विशेषज्ञ | मीडिया/जन संपर्क/विज्ञापन/मास कम्युनिकेशन में विशेषज्ञता के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक/पीजी डिप्लोमा।<br>कार्य अनुभवः—इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, ऑडियो—विजुअल मीडिया के क्षेत्र में कम से कम 05 साल का कार्य अनुभव। नवीनतम ऑडियो—विजुअल उपकरणों और फोटो/वीडियो संपादन सॉफ्टवेयर का ज्ञान। उत्कृष्ट रचनात्मकता कौशल (स्थानीय भाषाओं में भी) और इन्टर—पर्सनल स्किल। एमएस—ऑफिस, सोशल प्लेटफॉर्म आदि सहित नवीनत्तम कंप्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान। |

17/7/2016

सचिव

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

(BSDMA), पटना

# APPLICATION FORM

**1. Name of the Applicant:-**........................................................................................

**2. Post Applied For:-**........................................................................................

**3. Father's Name:-**........................................................................................

**4. Category:-**
☐ Unreserved (UR) ☐ EWS ☐ SC ☐ ST ☐ BC ☐ EBC (Please tick and specify): ............

**5. Aadhar No:-**........................................................................................

**6. Educational Qualifications (Start from the latest qualification):-**

| S. No. | Institution/University | Degree/Diploma | Specialization/Subject | Year of Passing | Division/Class |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**7. Professional Qualifications / Computer or IT Skills:-**
........................................................................................................................
........................................................................................................................

**8. Trainings / Certifications:-**

| S. No. | Name of Training/Certification | Conducting Organization | Duration / Date |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

**9. Achievements / Awards:-**
- ........................................................................................................................
- ........................................................................................................................

**10. Publications / Papers Presented (if any) :-**
- ........................................................................................................................
- ........................................................................................................................

**11. Employment Record (Start from current or latest position) :-**

Total Work Experience (in years) :- __________

| S. No. | Duration (From – To) | Organization | Designation | Key Responsibilities |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**12. Personal Details:-**

- Date of Birth:- ..................................................
- Gender:-..................................................
- Marital Status:- ..................................................
- Nationality:- ..................................................
- Email ID:- ..................................................
- Mobile Number (with STD code) :- ..................................................
- Present/Correspondence Address:-
- ..................................................................................................................................................................................
- ..................................................................................................................................................................................

- Permanent Address:-
- ..................................................................................................................................................................................
- ..................................................................................................................................................................................

**13. Declaration:-**

I hereby declare that the information provided above is true, complete, and correct to the best of my knowledge and belief. I understand that in case any of the information is found to be false or incorrect, my application is liable to be rejected and legal action will be taken against me.

Signature of the Applicant:- ......................................................

Full Name:- ......................................................................

Date:-......................................................

Place:- ......................................................

**Note:- (i)"Self-attested copies of all certificates must be attached."**

# सामान्य–शर्तें

प्रभाग का नामः– मानव संसाधन, सहयोग एवं समन्वय प्रभाग।
पदनामः– कार्यालयी भाषा विशेषज्ञ–सह–पुस्तकालय अध्यक्ष –1।
संस्थान का नामः– बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना।
पर्यवेक्षकः– माननीय उपाध्यक्ष, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना।
कार्य स्थलः– बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना।
अवधिः– प्रारम्भ में 03 वर्ष अथवा अगले आदेश तक, जैसा भी मामला हो।

कार्य विवरणः:

- बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अंतर्गत विभिन्न प्रभागों एवं अनुभागों को गतिविधियों के संपादन में सहयोगी तंत्र की भूमिका का निर्वहन करना।
- प्राधिकरण अंतर्गत विभिन्न प्रभागों एवं अनुभागों तैयार किये गये दिशा–निर्देश, मानक संचालन प्रक्रिया, एडवाईजरी, दिशा–निर्देशों के अनुपालन में सहयोग प्रदान करना।
- आपदा प्रबंधन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के विविध प्रयासों को प्रोत्साहित करने हेतु परियोजनाओं, संवेदीकरण, प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं ज्ञान संवर्द्धन की गतिविधियों को संयोजित करने में सहयोग प्रदान करना।
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण से जुड़े विविध विषयों पर अंतर्रविभागीय समन्वय के आधार पर परियोजनाओं एवं व्यवस्था सुदृढ़ीकरण के प्रयासों को प्रोत्साहित करना।
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण सबंधी नीतियों का निर्धारण करना एवं परामर्श देना।
- केन्द्र/संस्थान में आपदा प्रबंधन से जुड़े क्षमता विकास, सूचना संप्रेषण, व्यवहार परिर्वतन, अध्ययन/शोध से संबंधित गतिविधियों के नियोजन, क्रियान्वयन करना।
- मानव संसाधन के सुदृढीकरण हेतु नितिगत दिशा–निदेशों/नियमों का निर्धारण एवं क्रियान्वयन करना।
- वित्तीय प्रबंधन व्यवस्था के सुदृढीकरण हेतु सहायता करना।
- सेवा एवं वस्तु अधिप्राप्ति हेतु दस्तावेज़ों, बीड्स, सेवा शर्त, आदि तैयार करना।
- अधिप्राप्ति एवं संविदा प्रबंधन, आर्बिट्रेशन से संबंधित विषयों में सहयोग प्रदान करना।
- राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न संस्थानों के साथ समझौता कर आपदा प्रबंधन हेतु क्षमता विकास, सूचना तकनीक, ज्ञान प्रबंधन तथा अध्ययन/शोध के लिए प्रोत्साहक वातावरण तैयार करना।
- राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय–अंतराज्यीय स्तर राष्ट्रीय कार्यशाला, सेमिनार, अध्ययन यात्रा और क्षमता विकास एवं ज्ञान संवर्द्धन गतिविधियों का आयोजन करना।

सचिव
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(BSDMA), पटना

# सामान्य–शर्तें

प्रभाग का नामः– संचार प्रभाग।
पदनामः– वरीय संपादक–1, जन–सूचना पदाधिकारी–1, आई0ई0सी0 एवं प्रकाशन विशेषज्ञ–1 एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विशेषज्ञ–1।
संस्थान का नामः– बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना।
पर्यवेक्षकः– माननीय उपाध्यक्ष, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना।
कार्य स्थलः– बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना।
अवधिः– प्रारम्भ में 03 वर्ष अथवा अगले आदेश तक, जैसा भी मामला हो।

कार्य विवरणः

- बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अंतर्गत विभिन्न प्रभागों एवं अनुभागों को गतिविधियों के संपादन में सूचना प्रौद्योगिकी एवं जनसंचार माध्यम भूमिका का निर्वहन करना।
- सामुदायिक जागरूकता एवं सामुदायिक व्यवहार परिर्वतन की गतिविधियों को संयोजित करना।
- संचार के विभिन्न माध्यमों यथा मास मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया, सोशल मीडिया एवं न्यू मीडिया माध्यमों के उपयोग से आपदा प्रबंधन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के विविध गतिविधियों का क्रियान्वयन करना।
- विविध संचार माध्यमों का उपयोग कर आपदा जोखिम न्यूनीकरण के बारे में समुदाय को आपदा की स्थिति में पूर्व तैयारी और बचाव एवं प्रतिस्थापन के लिए जागरूक व सर्तक करना।
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण के विभिन्न विषयों पर विभिन्न स्रोतों से एकत्रित आंकड़ों का संग्रह, संकलन और विश्लेषण करना।
- हितधारकों के लिए ईमेल/पत्रों का मसौदा तैयार करना और उनके शीघ्र निपटान के लिए विभाग से संबंधित ईमेल/पत्रों का ट्रैक रखना।
- फाइलों, दस्तावेजों, संसाधन सामग्री, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और संसाधन व्यक्तियों की सूची बनाए रखना।
- ई–लर्निंग सबंधी लघु वीडियो क्लिपिंग हेतु विभिन्न हितधारकों और बाहरी एजेंसियों के साथ समन्वय करना।
- कार्य योजनाओं, प्रस्तुतियों, प्रशिक्षण, कैलेंडर, रिपोर्ट आदि का संग्रह, संकलन और विश्लेषण करना।
- राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय–अंतराज्यीय स्तर राष्ट्रीय कार्यशाला, सेमिनार, अध्ययन यात्रा और क्षमता विकास एवं ज्ञान संवर्द्धन गतिविधियों का आयोजन करना।

17/7/2016

सचिव
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(BSDMA), पटना

# सामान्य–शर्तें

प्रभाग का नामः– आई०टी० प्रभाग।
पदनामः– सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ–1, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और एमआईएस विशेषज्ञ–1, एवं डेटा विश्लेषक–2।
संस्थान का नामः– बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना।
पर्यवेक्षकः– माननीय उपाध्यक्ष, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना।
कार्य स्थलः– बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना।
अवधिः– प्रारम्भ में 03 वर्ष अथवा अगले आदेश तक, जैसा भी मामला हो।

कार्य विवरणः

- ई–गर्वनेंस से संबंधित गतिविधियों को क्रियान्वित व संयोजित करना।
- साईबर सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों को संयोजित किये जाने हेतु संबंधित विभागों को संवेदनशील व सक्षम बनाना।
- आपदा प्रबंधन एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करना।
- वांछित फलाफल की प्राप्ति के लिए समुचित रणनीति तैयार करना एवं प्रशिक्षण के लिए सांस्थिक सुविधाएं सृजित करने में और शैक्षिक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने में सहायता करना।
- बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से सबंधित तकनिकी (आई.टी.) सेवा को विकसील करना एवं नये आयामों के तहत एम.आई.एस. तथा जी.आई.एस. प्लेटफार्म का निरुपण करना।
- आपदा प्रबंधन मुद्दों से संबंधित सभी सूचना प्रबंधन प्रणाली के लिए एक डेटाबेस संरचना के विकास की सुविधा प्रदान करना।
- प्राधिकरण एवं अन्य संचालन केंद्रों के साथ नेटवर्क के सुचारू रूप से काम करने के लिए आवश्यक कनेक्टिविटी और अन्य आईटी समर्थन तंत्र की चौबीसों घंटे तत्परता सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों के साथ समन्वय करना।
- एनआईसी के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय और समर्थन एवं रिपोर्ट, प्रस्तुतीकरण, दिशा निर्देश, एसओपी, सोशल मीडिया संचालन, वेब पोर्टल आदि तैयार करने/बनाने में टीम/कार्यालय की सहायता करना।
- राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय–अंतराज्यीय स्तर राष्ट्रीय कार्यशाला, सेमिनार, अध्ययन यात्रा और क्षमता विकास एवं ज्ञान संवर्द्धन गतिविधियों का आयोजन करना।

17/7/2026

सचिव
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(BSDMA), पटना